समाचार

# निर्माण कार्यो में गुणवत्ता व निर्धारित मापदण्डों का पूर्ण रूप से पालन हों–आयुक्त

## (आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने प्रगतिरत निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण, कार्यो को समयसीमा में पूरा करने के दिए निर्देश)



कोरबा 11 जून 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने निगम के अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा है कि निगम द्वारा संपादित कराए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो में निर्धारित मापदण्डों का पूर्ण रूप से पालन किया जाए, मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री का उपयोग हों तथा कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने अभियंताओं व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कहा कि प्रगतिरत निर्माण कार्यो को निर्धारित समयसीमा के अंदर पूरा करें।

आयुक्त श्री शर्मा ने आज अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा व निगम के जोन अधिकारियों, अभियंताओं के साथ नगर का भ्रमण करते हुए निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने रविशंकर नगर जोन कार्यालय, आर.पी.नगर, शिवाजी नगर, मुड़ापार, मानिकपुर, गौमाता चौक, प्रस्तावित न्यू टी.पी.नगर, सुभाष चौक, आर.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पोड़ीबहार, रामपुर, डिंगापुर, रिसदी, रिंग रोड सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निगम द्वारा नगर निगम कालोनी स्थित मनोरंजनगृह के समीप 02 यूनिट सिन्थेटिक बैंडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। आयुक्त श्री शर्मा ने उक्त निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, कार्यो की गुणवत्ता को देखा, उपयोग में लायी जा रही सामग्री को परखा तथा अभियंताओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान निर्धारित मानकों का पूर्ण रूप से पालन करें, कार्य की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखें तथा समयसीमा में कार्य को पूरा करें। उन्होने मनोरंजनगृह का

निरीक्षण करते हुए पूर्व निर्मित बैंडमिंटन कोर्ट की मरम्मत किए जाने के निर्देश अभियंताओं को दिए।

**पौनी पसारी बाजार का निरीक्षण**– निगम द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की पौनी पसारी योजनांतर्गत 04 स्थानों में पौनी पसारी बाजार का निर्माण कराया जा रहा है, मुड़ापार साप्ताहिक बाजार के सामने भी पौनी पसारी बाजार के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। आयुक्त श्री शर्मा ने उक्त निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होने कार्य को शीघ्र पूरा करने, रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने, निर्मित किए जा रहे चबूतरों के नीचे लेबल मेनटेन करने, कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने आदि के निर्देश दिए।

**निर्माणाधीन वूमेन हास्टल का निरीक्षण**– निगम द्वारा जिला खनिज न्यास मद से डिंगापुर जिला पुस्तकालय के पीछे 500 सीटर वूमेन हास्टल का निर्माण कराया जा रहा है। आयुक्त श्री शर्मा ने अधिकारियों के साथ उक्त कार्य का निरीक्षण किया, हास्टल के अंदुरूनी भाग के रिक्त स्थल पर बैंडमिंटन व वालीबाल कोर्ट तथा गार्डन निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होने सभी निर्माणाधीन भवनों में मानक के अनुरूप रैम्प बनाए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**जिला पुस्तकालय भवन का अवलोकन** – आयुक्त श्री शर्मा ने जिला पुस्तकालय भवन का अवलोकन किया। उन्होने पुस्तकालय भवन में निर्मित किए गए रीडिंग रूम, पुस्तकालय कक्ष सहित अन्य निर्माण कार्यो का जायजा लेते हुए पुस्तकालय भवन में पार्किंग व्यवस्था, लिफ्ट, फर्नीचर, बुक्स, पत्र–पत्रिकाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं पर अधिकारियों का आवश्यक मार्गदर्शन किया।

**वृक्षारोपण पर विशेष बल**– आयुक्त श्री शर्मा ने आसन्न मानसून को देखते हुए वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किए जाने की तैयारियों पर बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र में सभी निर्माणाधीन भवनों के परिसरों, सड़कों के किनारे रिक्त स्थलों सहित अन्य उपयुक्त स्थानों में वृक्षारोपण हेतु त्वरित रूप से आवश्यक तैयारियां पूरी करें, निगम को इस वर्ष 25 हजार पौधों का रोपण किए जाने का लक्ष्य दिया गया है, हमें सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाते हुए इस लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होने पौधों के रोपण के पश्चात उनकी सुरक्षा व संवर्धन संबंधी कार्यो को भी सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, सहायक अभियंता हृदयराम बघेल, उप अभियंता हरिशंकर साहू, आकाश अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।